प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 29.10.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. प्रदेश सरकार ने पेराई सत्र 2025–26 के लिए गन्ना समर्थन मूल्य में की 30 रुपए प्रति कुन्तल की वृद्धि : सामान्य गन्ना 390 रुपए प्रति कुन्तल और अगेती प्रजाति का मूल्य 400 रुपए प्रति कुन्तल किया गया निर्धारित।
2. राज्य सरकार ने कैबिनेट बाय सर्कुलेशन में कई अहम प्रस्तावों को दी मंजूरी : इलाहाबाद उच्च न्यायालय में 274 पदों को मिली स्वीकृति, भदोही में नए राज्य विश्वविद्यालय की स्थापना का प्रस्ताव भी पारित।
3. अयोध्या में कल शुरू होगी 14 कोसी परिक्रमा : श्रद्धालुओं की सुरक्षा के मद्देनज़र परिक्रमा क्षेत्र को पांच जोन और 32 सेक्टरों में किया गया विभाजित। और
4. चक्रवाती तूफ़ान मोन्था के कारण प्रदेश के कई ज़िलों में रुक रुक कर बारिश का सिलसिला जारी : मौसम विभाग ने आगामी दो दिनों में राज्य के पूर्वी हिस्सों में जताया बारिश का अनुमान।

———————

प्रदेश सरकार ने पेराई सत्र 2025–26 के लिए गन्ना मूल्य में 30 रुपए प्रति कुन्तल की वृद्धि की है। प्रदेश के गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी ने बताया कि अब अगेती गन्ना प्रजाति का मूल्य 400 रुपए

प्रति कुन्तल और सामान्य प्रजाति का मूल्य 390 रुपए प्रति कुन्तल निर्धारित किया गया है। इस वृद्धि से गन्ना किसानों को लगभग 3 हजार करोड़ रुपए का अतिरिक्त भुगतान होगा। बाइट.....

*अब के जो गन्ने का मूल्य है जो ₹370 था उसे ₹400 क्विंटल कर दिया गया है और जो ₹360 था वह ₹390 किया गया। 2017 से लेकर आज तक जो वृद्धि हुई है मूल्य की वह ₹85 क्विंटल की वृद्धि की है हमने जिसमें ₹10 प्रति क्विंटल हमने 2018 में बढ़ाया 17 में 21–22 में ₹25 क्विंटल बढ़ाया 2023–24 में ₹20 क्विंटल बढ़ाया और ₹30 यह इसलिए कुल मिलाकर ₹85 क्विंटल की वृद्धि मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में गन्ने के मूल्य में हुई है।*

प्रदेश सरकार के इस निर्णय से गन्ना किसान काफी खुश हैं। हापुड के किसान अमित सिवाल ने इस फैसले के लिए प्रदेश सरकार का आभार जताया है। बाइट.....

*यह बहुत ही अच्छा फैसला है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री जी का बहुत–बहुत आभार प्रकट करता हूं और किसानों में एक बहुत खुशी की लहर है। ₹30 बहुत ही सही समय पर क्योंकि गन्ने की पेराई सत्र शुरू होने वाला है। उससे पहले किसान को पता होगा कि हमारे रेट गन्ने के यह है।*

————————

प्रदेश सरकार ने कल कैबिनेट बाय सर्कुलेशन में कई अहम प्रस्तावों को मंजूरी दे दी। कैबिनेट ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय में विभिन्न श्रेणी के 274 पदों को स्वीकृति प्रदान की है। इसमें सहायक समीक्षा अधिकारी के 60 पद, समीक्षा अधिकारी के 149 पद, अनुभाग अधिकारी के 40 पद, सहायक निबंधक के 14 पद, उपनिबंधक के 7 पद संयुक्त निबंधक के तीन पद और निबंधक का एक पद

शामिल है। इसके अलावा उत्तर प्रदेश सुगम्य व्यापार–प्रावधानों का संशोधन अध्यादेश 2025 भी कैबिनेट बाय सर्कुलेशन में पारित किया गया। इसके तहत राज्य में उद्योग और व्यापार को बढ़ावा देने के लिये दस प्रमुख अधिनियमों में अधिकांश आपराधिक प्रावधान समाप्त कर दिये गए हैं। नई व्यवस्था में सजा का प्रावधान समाप्त कर सिर्फ आर्थिक दण्ड और प्रशासनिक कार्रवाई की जायेगी। मंत्रिमंडल ने गेहूँ और धान की खरीद के लिए ई–पंप मशीनों के प्रबंधन और तैनाती का काम यूपी डेस्को को सौंपने और भदोही में एक नए राज्य विश्वविद्यालय की स्थापना समेत कई अन्य प्रस्तावों को भी स्वीकृति दी है।

————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल अयोध्या महायोजना दो हजार इकतीस से सम्बन्धित प्रस्तावों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि अयोध्या का विकास भव्यता, आस्था और आधुनिकता तीनों का समन्वित रूप होना चाहिए। समीक्षा के दौरान बताया गया कि अयोध्या विकास क्षेत्र में एक सौ उन्सठ निवेश परियोजनाएं स्वीकृत हैं, जिनमें आठ हजार पांच सौ चौरानबे करोड़ रूपये का निवेश होन की सम्भावना है।

————————

प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने आज लखनऊ में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के साथ

बैठक कर विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान की तैयारियों और निर्वाचन आयोग के निर्देशों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आयोग राज्य, ज़िले और विधानसभा स्तर पर बैठकें कर एसआईआर की प्रक्रिया के बारे में जानकारी दे रहा है, जिससे मतदाता सूची पुनरीक्षण को प्रभावी ढंग से पूरा किया जा सके।

——————

उत्तर प्रदेश पुलिस में एसआई–गोपनीय, एएसआइ–लेखा और लिपिक के पदों पर भर्ती के लिये एक व दो नवम्बर को ऑफ लाइन लिखित परीक्षा राज्य के 430 परीक्षा केन्द्रों पर कड़ी सुरक्षा के बीच होगी। आयोग ने प्रवेश पत्र वेबसाइट पर अपलोड कर दिय हैं। भर्ती बोर्ड के अधिकारियों के मुताबिक, एक नवम्बर को 10 जिलों में कम्प्यूटर ऑपरेटर की लिखित परीक्षा 244 केन्द्रों पर होगी। इनमें सबसे ज्यादा 47 केन्द्र लखनऊ में बने हैं। इसी तरह दो नवम्बर कोएसआई व एएसआई भर्ती के लिये लिखित परीक्षा 10 जिलों में 186 परीक्षा केन्द्रों पर होगी इस परीक्षा के भी सबसे ज्यादा 35 केन्द्र लखनऊ में होंगे।

——————

वस्तु और सेवा कर– जीएसटी बचत उत्सव का लाभ समाज के सभी वर्गों तक पहुंच रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 22 सितंबर से नयी जीएसटी दरें लागू किये जाने को बचत उत्सव का नाम दिया था। जीएसटी की कम दरों

से पर्यटन क्षेत्र पर नागरिकों को मिल रहे लाभ पर प्रस्तुत है हमारे संवाददाता की एक रिपोर्ट...

*नए जीएसटी सुधारो ने नागरिकों के लिए यात्रा आवास और सांस्कृतिक अनुभवों को अधिक किफायती बनाकर पर्यटन क्षेत्र को राहत प्रदान की है। सात हजार पांच सौ रुपये प्रति रात्रि से कम किराए वाले होटल पर जीएसटी 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया गया है। दस से अधिक व्यक्तियों के बैठने की क्षमता वाली बसों जीएसटी दर 28 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत कर दी गई है। इसे सार्वजनिक परिवहन लागत कम हुई है। यह कदम महत्वपूर्ण आर्थिक विकास को भी बढ़ावा देगा। समर्थ के साथ, शिवांग मिश्रा, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।*

———————

**ब्रेक**

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

———————

कुशीनगर में चल रहे इन–स्पेस मॉडल राकेट्री–कैनसेट इंडिया स्टूडेंट कंपटीशन 2024–25 का कल अंतिम दिन है। चार दिवसीय प्रतियोगिता के ग्रांड फिनाले में अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला भी शामिल होंगे। वह आज शाम कुशीनगर

पहुंचेंग। शुभांशु देवरिया जिले के बरपार गाँव में युवाओं से संवाद भी करेंगे।

————————

अयोध्या की ऐतिहासिक 14 कोसी परिक्रमा कल सुबह करीब साढ़े 4 बजे से शुरू होगी। परिक्रमा के लिए दूर दराज़ से श्रद्धालु अयोध्या पहुंच रहे हैं। श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा के लिए प्रशासन ने व्यापक इंतज़ाम किए हैं। पेश है एक रिपोर्ट.....

*चौदह कोसी परिक्रमा के दौरान सुरक्षा के दृष्टिगत परिक्रमा क्षेत्र को पांच जोन और 32 सेक्टरों में विभाजित किया गया है। जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे ने बताया कि परिक्रमा मार्ग पर करीब 80 मजिस्ट्रेट्स की ड्यूटी लगाई गई है। जिसमें सुपर जोनल, सब जोनल, सेक्टर और स्टैटिक मजिस्ट्रेट शामिल हैं। वहीं ड्रोन कैमरों से निगरानी की व्यवस्था भी की गई है। परिक्रमा मार्ग पर साफ सफाई, प्रकाश व्यवस्था और पेयजल की भी समुचित व्यवस्था की गई है। स्वास्थ्य विभाग ने आपात स्थिति से निपटने के लिए मेडिकल यूनिट और एंबुलेंस भी लगाई हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पांच प्रमुख स्थानों पर खोया–पाया केंद्र स्थापित किए गए हैं। तन्मय सोनी, आकाशवाणी समाचार,अयोध्या।*

————————

अयोध्या में श्री राम जन्म भूमि मंदिर के ध्वजारोहण समारोह में उन लोगों को भी आमंत्रित किया जाएगा जिन्होंने 2022 के बाद मंदिर निर्माण के लिए धनराशि दी है। यह जानकारी श्रीराम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेन्द्र मिश्र ने आज अयोध्या में दी। उन्होंने बताया कि 25 नवम्बर के बाद एक भव्य आयोजन कर मंदिर निर्माण में

योगदान देने वाली कंपनियों, सप्लायर्स और कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया जाएगा। बाइट.....

*और अभी जब निमंत्रण पत्र की व्यवस्था की जा रही है, अनेक लोग ऐसे हैं जिन्होंने बाद में भी काफी धनराशि से योगदान किया 2022 के बाद। अब उनको भी बुलाया जाएगा। निकट भविष्य में 25 नवंबर के बाद एक बहुत बड़ा आयोजन किया जाएगा। जिस आयोजन में केवल वही लोग सम्मानित किए जाएंगे और प्रमाण पत्र या प्रशस्ति पत्र दिया जाएगा जिन्होंने कि इस निर्माण में अपना योगदान किया है।*

——————————

चक्रवाती तूफ़ान मोन्था के कारण प्रदेश के कई ज़िलों में रुक रुक कर बारिश हो रही है। इस बीच, तापमान में चार से पांच डिग्री सेल्सियस की गिरावट आयी है। मौसम विभाग के वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि आगामी दो दिनों में प्रदेश के पूर्वी हिस्सों में बारिश का अनुमान है। बाइट.....

*गंभीर चक्रवाती तूफान मोंथा के 29 अक्टूबर की रात से 31 अक्टूबर तक प्रदेश के दक्षिणी एवं पूर्वी भागों को प्रभावित करने की संभावना है। इसके प्रभाव से 30 एवं 31 अक्टूबर को पूर्वांचल के अधिकांश जिलों में 30 से 40 किमी प्रति घंटे की झोकेदार हवाओं के साथ हल्की से मध्यम वर्षा होने तथा कहीं–कहीं भारी बारिश होने की भी संभावना है।*

(समाप्त)